# 116782 - इंटरनेट से मुफ्त किताबें और सॉफ्टवेयर (प्रोग्राम) डाउनलोड करना

## प्रश्न

इंटरनेट पर पूरी किताबें उपलब्ध हैं, चाहे वे धार्मिक हों या अकादमिक। क्या मेरे लिए उन्हें सहेजना और उन्हें पढ़ना, या उनमें से जो पाठ मुझे चाहिए उसे प्रिंट करना जायज़ है? मैं उन कंप्यूटर और मोबाइल प्रोग्रामों के बारे में भी पूछना चाहता हूँ जो इंटरनेट पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं। क्या उन सभी को डाउनलोड करना जायज़ नहीं है ? मुझे उन प्रोग्रामों का कैसे पता चलेगा जो डाउनलोड करने के लिए अधिकृत हैं? या कि ऐसे प्रोग्राम नहीं हैं?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

इंटरनेट पर उपलब्ध मुफ्त पुस्तकों से लाभ उठाने : उन्हें पढ़ने या सहेजने, या उनमें से जिसकी आपको आवश्यकता है उसे प्रिंट करने में कोई हर्ज नहीं है ; क्योंकि उन्हें केवल उसी उद्देश्य के लिए इंटरनेट पर डाला गया है।

इसी तरह, इंटरनेट पर उपलब्ध मुफ्त कंप्यूटर और मोबाइल प्रोग्राम डाउनलोड करने में (भी) कोई हर्ज नहीं है।

मूल सिद्धांत यह है कि उन पुस्तकों और प्रोग्रामों को डाउनलोड करना जायज़ है, और ज़िम्मेदारी उस वेबसाइट की है जिसने उन्हें प्रकाशित किया है यदि उनका मालिक इसके लिए अनुमति नहीं देता है। तथा वेबसाइट ब्राउज़ करने वाले के लिए प्रत्येक पुस्तक या प्रोग्राम के बारे में यह सुनिश्चित करना आवश्यक नहीं है कि उसके स्वामी ने उसे डाउनलोड करने के लिए सहमति दी है।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।